शिक्षकों का सम्मान और हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : ब्रजवासी



बक्सर (आससे)। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य बंशीधर ब्रजवासी शुक्रवार को सिमरी प्रखंड के दुबौली गांव पहुंचे। यहां शिक्षक नेता शालिग्राम दूबे के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके आगमन पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता जुटे।? इस दौरान विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी ने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक हैं। वे राष्ट्र निर्माण के मजबूत स्तंभ हैं। शिक्षकों का सम्मान और उनके हितों की रक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को विधान परिषद में पूरी मजबूती से उठाया जाएगा। वहीं, शिक्षक नेता शालिग्राम दूबे ने कहा कि बक्सर की धरती पर विधान पार्षद के आगमन और उनके आत्मीय व्यवहार से शिक्षक समाज अभिभूत है। इस दौरान शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इनमें स्थानांतरण, वेतन विसंगति, सेवा शर्तें, विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। विधान पार्षद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही इनके समाधान के लिए सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया।

वासुदेवा हत्याकांड का खुलासा, पिता-पुत्र गिरफ्तार

बेटी से कथित अवैध संबंध बना हत्या की वजह, कुदाल और गड़ासी बरामद

बक्सर (आससे)। वासुदेवा के चर्चित राजेश कुशवाहा उर्फ सुखाड़ी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक की हत्या के आरोप में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान वासुदेवा कोईरी टोला निवासी मुन्ना सिंह और उसके बड़े पुत्र छठु कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके घर से हत्या में इस्तेमाल किए जाने की आशंका वाले कुदाल और लोहे की गड़ासी समेत वारदात के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किए हैं। शनिवार को डुमरांव एसडीपीओ भास्कर रंजन ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को वासुदेवा थाना पुलिस को राजेश कुमार उर्फ सुखाड़ी की हत्या की सूचना मिली थी। इसके बाद एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर उनके नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आसूचना



संकलन और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर छापेमारी कर 13 नवंबर को दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, अब तक के अनुसंधान में हत्या की वजह प्रेम संबंध से जुड़ा विवाद सामने आया है। बताया गया कि मृतक का मुन्ना सिंह की पुत्री के साथ कथित तौर पर अवैध संबंध था। इसकी जानकारी मिलने पर मुन्ना सिंह ने उसे संबंध खत्म करने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद संबंध जारी रहने की बात सामने आने पर वह आक्रोशित था। इसी रंजिश में मुन्ना सिंह ने अपने बड़े पुत्र छठु कुमार सिंह के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोप है कि दोनों ने राजेश को खाने-पीने के बहाने अपने साथ बाहर बुलाया। इसके बाद रात में सुनियोजित तरीके से उसकी हत्या कर दी। पुलिस का दावा है कि वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के साथ पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर हत्याकांड की कड़ियां जोड़ी गईं। दोनों आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस ने आरोपितों के घर से एक कुदाल, लोहे की गड़ासी, मुन्ना सिंह का शर्ट और नीले रंग का पैंट तथा छठु कुमार सिंह का शर्ट और काले रंग का ट्राउजर बरामद किया है। सभी सामान उनके घर से मिले हैं। इस मामले में वासुदेवा थाना कांड संख्या 132/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 और 3(5) के तहत कार्रवाई की है। छापेमारी टीम में डुमरांव एसडीपीओ भास्कर रंजन, अंचल निरीक्षक अरविंद कुमार, डीआईयू प्रभारी सुधीर कुमार, वासुदेवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार पासवान सहित विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी और डीआईयू की टीमें शामिल थीं।

फाउंडेशन स्कूल में नये सत्र के लिए नामांकन व रजिस्ट्रेशन की शुरुआत



बक्सर (आससे)। शहर के फाउंडेशन स्कूल में सत्र 2027-28 के लिए रजिस्ट्रेशन एवं नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत शनिवार से हो गई। बाल दिवस के अवसर पर प्राचार्य मनोज त्रिगुण एवं विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के नए प्रोस्पेक्टस का विमोचन छठ की छुट्टी शुरू होने से पहले प्ले ग्रुप के नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों कराया गया था। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी विंग की शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं। बच्चों के हाथों प्रोस्पेक्टस का विमोचन कराकर विद्यालय ने प्रारंभिक शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। प्राचार्य मनोज त्रिगुण ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। बचपन में मिलने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के ज्ञान, सोच और व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन स्कूल की 18 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा में अभिभावकों का विश्वास और पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की उपलब्धियां विद्यालय की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कई पूर्ववर्ती विद्यार्थी आईआईटी, नीट, एनडीए, बीपीएससी सहित सेना और पुलिस की विभिन्न परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं।

दो साल पहले ही लिख दी गयी थी धीरेंद्र शास्त्री की बक्सर कथा की पटकथा

-मुस्ताक हुसैन बंटी-

बक्सर (आससे)। सिय-पिय मिलन महोत्सव में इस बार बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा मुख्य आकर्षण होगी। उनकी कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए कथा का आयोजन हवाई अड्डा परिसर में किया जाएगा। इस आयोजन की खास बात यह है कि बक्सर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा की पटकथा दो साल पहले ही लिख दी गई थी। सीताराम विवाह महोत्सव समिति के सदस्य झब्बू राय ने बताया कि वर्ष 2024 में आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पटना आए थे। इसी दौरान पनाश होटल में उनकी मुलाकात सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम के महंत राजाराम शरण दास जी महाराज से हुई थी। मुलाकात के दौरान ही वर्ष 2026 में बक्सर आकर श्रीराम कथा सुनाने की बात तय हुई थी। अब दो साल बाद वह संकल्प साकार होने जा रहा है। झब्बू राय ने उस मुलाकात की तस्वीर भी जारी की है, जिसमें धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और महंत राजाराम शरण दास जी महाराज साथ नजर आ रहे हैं।

महंत राजाराम शरण दास जी महाराज ने बताया कि महर्षि श्री खाकी बाबा सरकार के 57वें निर्वाण दिवस और श्रीराम-जानकी के 25वें पाटोत्सव के अवसर पर 7 से 16 दिसंबर तक दस दिवसीय सिय-पिय मिलन महोत्सव आयोजित होगा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की



संभावना है। आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज 7 से 12 दिसंबर तक श्रीराम कथा सुनाएंगे। इसके बाद 13 से 16 दिसंबर तक आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा होगी। अन्य धार्मिक कार्यक्रम आश्रम परिसर और नेत्र अस्पताल के समीप मैदान में आयोजित किए जाएंगे। महंत राजाराम शरण दास जी महाराज ने कहा कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में बक्सर जैसे छोटे शहर में इतनी बड़ी भीड़ के लिए व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण है। बक्सर के गौरवशाली धार्मिक परंपरा को बनाए रखने के लिए सभी सनातन धर्मावलंबियों को तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए।

महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रम-7 से 16 दिसंबर-दस दिवसीय सिय-पिय मिलन महोत्सव। प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे- श्रीरामचरितमानस का सामूहिक नवाह पारायण। प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे- श्रीकृष्ण लीला का मंचन। प्रतिदिन रात 8 से 12 बजे-रामलीला का मंचन। 7 से 12 दिसंबर-आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज की श्रीराम कथा। 7 दिसंबर- रामलीला का शुभारंभ, गौरी-शंकर विवाह प्रसंग का मंचन। आगे के प्रसंग-श्रीराम जन्म, बाल लीला, सीता जन्म, अहल्योद्धार और जनकपुर दर्शन। 12 दिसंबर- पुष्पवाटिका लीला और धनुष यज्ञ। 13 दिसंबर- मटकोर की रस्म और श्रीराम बारात शोभायात्रा। 13 से 16 दिसंबर-आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा। स्थल-हवाई अड्डा परिसर। 14 दिसंबर शाम 7 बजे- श्रीसीताराम विवाह महोत्सव। 15 दिसंबर-श्रीराम कलेवा। पूरे महोत्सव में-मिथिला पद गायन, आकर्षक झांकियां, सत्संग, संकीर्तन और प्रवचन।नौ दिवसीय आयोजन-दमोह की संकीर्तन मंडली द्वारा अष्टयाम श्रीहरिनाम संकीर्तन।

बागेश्वर धाम की टीम ने कथा स्थल का लिया जायजा

बक्सर (आससे)। बागेश्वर धाम से आई टीम ने शनिवार को सबसे पहले हवाई अड्डा परिसर स्थित श्रीराम कथा स्थल और उसके समीप आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के ठहरने के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद टीम नया बाजार स्थित श्री सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम पहुंची। यहां सीताराम विवाह महोत्सव समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक हुई। इसमें महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा, प्रवेश-निकास और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद बागेश्वर धाम की टीम के वरिष्ठ सदस्य राजपाल और आश्रम के महंत राजाराम शरण दास जी महाराज ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। इस मौके पर यजमान अजय राय भी मौजूद रहे। राजपाल ने बताया कि आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए टीम तीसरी बार बक्सर पहुंची है। इस



बार सीताराम विवाह महोत्सव की तैयारियां अभूतपूर्व नजर आ रही हैं। कथा स्थल और आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के विश्राम स्थल पर बेहतर प्रबंध किए गए हैं। इतने बड़े आयोजन की तैयारियां भी सुचारू रूप से चल रही हैं।

वहीं, महंत राजाराम शरण दास जी महाराज ने बताया कि आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 13 दिसंबर को बक्सर पहुंचेंगे। उसी दिन सिय-पिय मिलन महोत्सव के तहत श्रीराम बारात की भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली जाएगी। इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज आश्रम और महर्षि खाकी बाबा सरकार की तपोभूमि एमवी कॉलेज परिसर में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। यदि उनकी इच्छा हुई तो वे श्रीराम बारात में भी शामिल होंगे। इसके अगले दिन से हवाई अड्डा परिसर में उनकी श्रीराम कथा शुरू होगी।

डा. सत्यप्रकाश तिवारी के सौजन्य से छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरित



बक्सर (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर भाजपा नेता एवं दृष्टिपुंज आई हॉस्पिटल, पटना के निदेशक डॉ. सत्यप्रकाश तिवारी के सौजन्य से ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों और पंचायतों में जरूरतमंद व्रतियों को पूजा सामग्री उपलब्ध कराई गई।

डुमरी, नियाजीपुर, चक्की, बगेन और ब्रह्मपुर ग्रामीण मंडल के अंतर्गत कई गांवों में भाजपा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में वितरण अभियान चलाया गया। इस दौरान डॉ. तिवारी स्वयं भी कई गांवों में पहुंचे और छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरित की। बगेन मंडल अध्यक्ष उदय कुमार उज्जैन ने बताया कि यह सेवा अभियान लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया गया है। पिछले वर्ष आदर्श आचार संहिता के कारण वितरण नहीं हो सका था। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए यह पुनीत कार्य आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में मंजी पासवान, विनय कुमार राय, धीरज पांडेय, मनोहर कुमार, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस पहल की लोगों ने सराहना की।

गौ पूजन के साथ मना अन्नकूट महोत्सव, ठाकुरजी को लगा छप्पन भोग

बक्सर (आससे)। शहर के स्टेशन रोड स्थित बसांव मठ में शनिवार को अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मनाया गया। बसांव पीठाधीश्वर अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर के पीठाधीश्वर राज गोपालाचार्य जी महाराज के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। महोत्सव की शुरुआत विधिवत गौ पूजन से की गई। इसके बाद ठाकुर जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर मठ परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। शहर के गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। विभिन्न मठ-मंदिरों से आए साधु-संतों की भी उपस्थिति रही। छप्पन भोग अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं के लिए सामूहिक प्रसाद की व्यवस्था की गई। मठ परिसर में पांत में बैठाकर सभी को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस दौरान डॉ. रामनाथ ओझा, वरिष्ठ अधिवक्ता सूबेदार पांडेय, डॉ. श्रवण तिवारी, बबली दुबे, नंदकुमार तिवारी सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मठ परिसर भक्तिमय बना रहा।

सन्नी राज के बल्ले से बरसे रन, जिग जैग ब्लू फाइनल में

बक्सर (आससे)। ऐतिहासिक किला मैदान में शनिवार को जिग जैग चैलेंजर्स ट्रॉफी का छठा और अंतिम लीग मुकाबला खेला गया। इसमें जिग जैग ब्लू ने जिग जैग ग्रीन को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ब्लू की जीत के हीरो कप्तान सन्नी राज रहे। उन्होंने शानदार अर्धशतक जमाकर टीम को जीत दिलाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिग जैग ग्रीन की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। शोबीत उपाध्याय ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। सचिन ने 18 और चिराग राय ने 10 रनों का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। अतिरिक्त के रूप में 29 रन मिले। ब्लू की ओर से मनीष, गुलशन और अनुज ने दो-दो विकेट चटकाए। अमन फरीदी को एक सफलता मिली। जवाब में उतरी जिग जैग ब्लू की टीम ने 17.2 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान सन्नी राज ने 57 गेंदों पर 73 रनों की शानदार पारी खेली। अनुज ने 16 और मनीष ने नौ रन बनाए। टीम के तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। ग्रीन की ओर से सद्दाम अंसारी ने दो और गणेश ने एक विकेट लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए सन्नी राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबले में अंपायर की भूमिका बलवंत कुमार और शिवम कुमार ने निभाई। जबकि सौरभ साहनी स्कोरर रहे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–15 वर्ष 2026–27

चतुर्थ श्रेणी में निबंधित संवेदकों से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21.11.2026 के अपराहन 12:00 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :–

क	सामग्री का नाम एवं विशिष्टयाँ	मात्रा	इकाई	उद्गत की जानेवाली दर
1	**Name of Work – Supply of printed forms, office Stationary and Computer accessories to Office of The Executive Engineer, Gardanibagh Building Division, Patna for the year 2026-27**			
	(i) Signature Pad	6 nos	Each	
	(ii) Ink Pad (Best quality)	12 nos	Each	
	(iii) Writing Pad (100 page booklet)	20 Nos	Each	
	(iv) Guard file (good quality)	50 nos	Each	
	(v) Flat file (good quality)	150 nos	Each	
	(vi) Plain paper (good quality)	20 Rim	Each	
	(vii) Printed form of Money receipt (100 page booklet)	10 nos	Each	
	(viii) Carbon (kores/camel)	6 nos	Each	
	(ix) Tag (50 piece pack)	36 nos	Each	
	(x) Gum (200 ml)	10 nos	Each	
	(xi) Gum Tube (50 ml)	12 nos	Each	
	(xii) Stapler pin (10 NO)	40 nos	Each	
	(xiii) Stapler (24/6 NO)	8 nos	Each	
	(xiv) Stapler pin (24/6 NO)	20 nos	Each	
	(xv) Paper flag	20 nos	Each	
	(xvi) Plastic Cover Bag (Best Quality)	50 nos	Each	
	(xvii) Envelope (Best Quality 3x7")	500 nos	Each	

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 15 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.015367 (BCD) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा
आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सहरसा द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04/2026–27 (व्यवहार न्यायालय सहरसा के परिसर में 02 (दो) X-Ray Baggage Scanner Room के निर्माण कार्य) में भाग लेने वाले संवेदको में से निम्नलिखित संवेदक जो निविदा आमंत्रण सूचना की शर्तों के अनुसार सफल घोषित किये गए है, के बीच कार्य का आवंटन लॉटरी के माध्यम से दिनांक– 20.11.2026 को अपराहण 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा कार्यालय में की जायेगी।

सफल संवेदक :–
(1) मीना देवी, वार्ड नं0–01, सहरसा।
(2) विभा देवी, आरण, सहरसा।
(3) आयुष ब्रदर्स कन्सट्रक्सन एण्ड सप्लायर्स (प्रो0– शंकर मंडल), सहरसा।
(4) जीतेन्द्र नारायण सिंह, गंगजला, सहरसा।
(5) पिंटू पंडित, वार्ड नं0– 03, सहरसा।
(6) अंशीष ट्रेडर्स, (प्रो0–नितीश कुमार), सहरसा।
(7) माँ काली इंटरप्राइजेज, (प्रो0–नीलम कुमार सिंह), सहरसा।
(8) अभिमन्यु राय, गंगजला, वार्ड नं0–08, सहरसा।
(9) मुकेश खन्ना, वार्ड नं0– 03, सहरसा।
(10) मो0 नौषाद आलम, वार्ड नं0–05, महिषी सहरसा।
(11) कृतिका इंटरप्राइजेज, (प्रो0–अरविन्द प्रसाद गुप्ता), सहरसा।
(12) सुशील कुमार झा, बसौना, वार्ड नं0–09, सहरसा।
(13) कमलेश यादव, वार्ड नं0– 01, सहरसा।
(14) विपिन कुमार सिंह, गंगजला, वार्ड नं0–08, सहरसा।
(15) रौशन सम्राट, मुरली बसंतपूर, सहरसा।
(16) सुशीला कुमारी, वार्ड नं0–11, सहरसा।
(17) प्रणव कुमार प्रीतम, सहरसा।
(18) प्रतिकेश, गंगजला, वार्ड नं0– 16, सहरसा।
(19) प्रकाश कुमार, डी0बी0 रोड, सहरसा।
(20) उद्यानन्द ठाकुर, लक्ष्मी नाथ नगर, सहरसा।
(21) शीलू कुमारी, तेघरा, सहरसा।
(22) बिनोद कुमार बिमल, आरण, वार्ड नं0– 12, सहरसा।
(23) सुजीत कुमार, वाई नं0– 11, सहरसा।
(24) गणेश इंटरप्राइजेज, (प्रो0–गणेश कुमार), वार्ड नं0–27, सहरसा।
(25) बालाजी इंटरप्राइजेज (प्रो0–कन्हैया कुमर), वार्ड नं0–04, सहरसा।
(26) संजय सुमन, सिमराह वार्ड नं0– 14, सहरसा।
(27) शिवानी कुमारी, नयाबाजार, सहरसा।
(28) मो0 इरसाद आलम, लहुआर, सहरसा।
(29) अंजलि कुमरी पांडेय, मुरली बसंतपूर, सहरसा।

उपरोक्त सफल संवेदकों को सूचित किया जाता है कि लॉटरी हेतु स्वयं या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिशिचत करेंगे। आपके अथवा आपके प्रतिनिधि के अनुपस्थिति में भी लॉटरी की प्रक्रिया पूरी की जायेगी एवं भविष्य में इस संबंध मे कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा में असफल घोषित निविदाकार दिनांक– 19.11.2026 को अपराहण 1:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा कार्यालय मे लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते है। आपत्ति मान्य होने पर लॉटरी में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। आपत्ति दर्ज करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन अंचल, सहरसा

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015371 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

अधीक्षक का कार्यालय
अनु0 ना0 मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल,गया जी।
सूचना

वित्तीय वर्ष–2026–27 से अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया जी में एक वर्ष की वैधता, हेतु मशीन, उपस्कर, उपकरण एवं सर्जिकल सामग्री इत्यादि के क्रय हेतु वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अंतगर्त बिहार राज्य मे निबंधित सरकारी/गैर सरकारी निर्माता, फर्म या प्राधिकृत आपुर्तिकर्त्ताओं से निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा पी0आर0 संख्या–013751 दिनांक–16.10.2026 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसे दिनांक 05.11.2026 को हुये बैठक में क्रय समिति के सदस्यों के द्वारा सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया है कि वर्तमान पी0आर0 संख्या–013751 को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर पुनः नई निविदा का प्रकाशन जल्द से जल्द कराई जाये। साथ ही पी0आर0 संख्या–013751 मे सम्मिलित निविदादाओं एवं सर्वसाधरण को भी इस आशय की सूचना से अवगत कराने हेतु निर्णय लिया गया था। उक्त लिये गये निर्णय के अलोक मे सर्वसाधरण को सूचित करने हेतु निदेशक सूचना एवं जन संपर्क विभाग,बिहार,पटना मे प्रकाशन हेतु पत्र भेजी जा रही है।

अधीक्षक,
अनु0ना0म0मे0कॉ0 अस्पताल, गया जी

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015366 (Health) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से ₹ 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)
कार्यालय, मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर

Website : https://mymmc.org., E-mail ID-muzaffarpur.ulb@gmail.com, mmc-muz-bih@nic.in
Control Room- 155304, 1800 345 1061, 7870031117

पुनर्निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)
संख्या– NIT No.-08/MMC/2026-27

1.	विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता	नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर .
2.	निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि –	दिनांक–09.11.2026
3.	प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान	दिनांक–01.12.2026 को समय 13:30 बजे पूर्वाहन/अपराहन स्थान–नगर आयुक्त का कार्यालय, नगर निगम सभागार, मुजफ्फरपुर।
4.	परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय	दिनांक–30.11.2026 से दिनांक 07.12.2026 के 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5.	संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि–	दिनांक–07.12.2026 समय 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6.	तकनीकी बीड खोलने की तिथि	दिनांक–10.12.2026 समय 11:00 बजे
7.	वित्तीय बीड खोलने की तिथि	तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8.	**कार्य की विवरणी–**	

क्रम सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	वार्ड सं0–06 में बिसाती टोला में मुहम्मद आलम से अशोक बाबू के घर तक एवं शशि मामा राहुल नगर के घर से ब्रजकिशोर जी के घर तक एवं सोनारपट्टी में राजा जी के घर से रंगगली चांद भाई के घर तक एवं शिया मस्जिद जौहर साहब के घर से मोती भाई के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	33,82,813.00	67,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
2	वार्ड सं0–10 अन्तर्गत शेख टोली में पी0डब्लू0डी0 सड़क संख्या–01 से पी0डब्लू0डी0 सड़क संख्या–02 तक जानेवाली गली में पी0सी0ए0 सड़क एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	27,94,350.00	55,900.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
3	वार्ड संख्या 21 में श्री नन्द किशोर कुमार नैनू भईया के घर होते हुए जयलस देवी एवं स्व0 वैद्यनाथ गुप्ता के घर होते हुए त्रिशूल मंदिर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	27,84,300.00	55,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
4	वार्ड सं0–21 अन्तर्गत ब्राह्मणटोली मुहल्ला में देवनन्दन प्रसाद पहलवान के घर से उमाशंकर नथानी जी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	35,33,200.00	70,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
5	वार्ड संख्या–22 अन्तर्गत बकार के घर से मनोरमा देवी के घर तक एवं भुनेश्वर शर्मा के घर से अजय दत्त के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	34,23,300.00	68,500.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
6	वार्ड सं0–32 अन्तर्गत कृष्णा नगर मे डी.एन. सिंह के घर से भाया मनोज श्रीवास्तव के घर होते हुए संस्कार पथ होते हुए प्रभात श्रीवास्तव के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	26,71,850.00	53,500.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
7	वार्ड सं0–34 अन्तर्गत प्रेम कुमार के घर से रेलवे ट्रेक तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	33,86,100.00	67,800.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
8	वार्ड संख्या–34 के अन्तर्गत पंखाटोली बढ़ई टोला में सियालाल सहनी के मकान से डॉ0 पी. घोष के मकान तक सड़क एवं नाला निमार्ण कार्य। **(Re-Tender)**	48,93,500.00	97,900.00	5,000.00	As per e-Proc2	6 Months

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in
9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

(ऋतुराज प्रताप सिंह)
नगर आयुक्त,
मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.015375 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।